# पाक के चीफ जस्टिस की इमरान खान को सलाह, संभलकर दें बयान

**सलाह**

■नवाज को बिना बॉन्ड भरे लंदन जाने की इजाजत मिलने पर पाक पीएम ने कोर्ट पर टिप्पणी की थी

■इमरान खान ने कहा था कि न्यायपालिका का बर्ताव शक्तिशाली लोगों के लिए अलग होता है

## चीफ जस्टिस ने पाक पीएम को बयानों के दौरान कटाक्ष नहीं करने की सलाह दी है




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चीफ जस्टि आसिफ सईद खोसा ने प्रधानमंत्री इमरान खान को न्यायालय के खिलाफ उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर नसीहत दी। चीफ जस्टिस ने पाक पीएम से बयान देते समय सावधानी बरतने और कटाक्ष नहीं करने के लिए कहा। दरअसल, लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान खान सरकार की 700 करोड़ रुपये का बॉन्ड भरने की शर्त को दरकिनार कर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इलाज कराने के लिये विदेश जाने की अनुमति दे दी थी। इसे लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच मतभेद सामने आ गए।

**इमरान ने न्यायपालिका पर भेदभाव का लगाया था आरोपः** इमरान ने सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हवेलियां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस आसिफ सईद खोसा और वरिष्ठ न्यायाधीश गुलजार अहमद से जनता के बीच न्यायपालिका के प्रति भरोसा बहाल करने के लिये आगे आने का आग्रह किया था। खान ने यह भी कहा था कि देश की न्यायिक प्रणाली में शक्तिशाली और आम लोगों के साथ व्यवहार में कथित असमानता है।

**न्यायपालिका के लिए काम करने का खान ने दिया था भरोसाः** न्यायपालिका को लेकर लोगों की सोच बदलने की बात करते हुए पाकिस्तानी पीएम ने कहा था कि वह खुद आगे बढ़कर इसके लिए काम करने को तैयार हैं। इमरान खान ने कहा था कि वह इस धारणा को बदलने और संस्थानों के प्रति जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए न्यायपालिका का साथ देने के लिए तैयार हैं।

**चीफ जस्टिस ने इमरान को दी संभलकर बोलने की नसीहतः** चीफ जस्टिस खोसा ने यहां उच्चतम न्यायालय में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए क्योंकि वह सरकार के मुख्य कार्यकारी हैं। खोसा ने कहा, श्आदरणीय प्रधानमंत्री ने जिस विशेष मामले का जिक्र किया, मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। उन्हें (प्रधानमंत्री खान को) यह पता होना चाहिए कि उन्होंने खुद ही किसी को (नवाज शरीफ को) विदेश जाने की अनुमति दी। उच्च न्यायालय में सिर्फ तौर–तरीके पर सुनवाई हुई। कृपया (बयानों को लेकर) सावधान रहें।

## न्यूज डायरी



### नेतन्याहू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी गठबंधन सरकार बनाने में नाकाम रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। बेंजामिन नेतन्याहू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी बेनी गैंट्ज बुधवार को निर्धारित समयसीमा तक सरकार बनाने में नाकाम रहे। इसके साथ ही उनकी लंबे समय से इजरायल के प्रधानमंत्री रहे नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने की उम्मीदें भी धराशायी हो गयी और देश को एक साल से भी कम समय में अभूतपूर्व रूप से तीसरी बार चुनाव की ओर धकेल दिया गया। मध्यमार्गी ब्लू ऐंड वाइट पार्टी के नेता गैंट्ज की इस घोषणा से देश में राजनीतिक संकट और गहरा गया है। इसने नेतन्याहू को उम्मीद की एक नई किरण दिखाई है जो पद पर बने रहने के लिए बेताब हैं। नेतन्याहू द्वारा गठबंधन बनाने में नाकाम रहने पर राष्ट्रपति ने उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी को मौका दिया था, लेकिन वह भी सरकार नहीं बना पाए।
बुधवार देर रात को एक बयान में गैंट्ज ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति रुवन रिवलिन को सूचित कर दिया है कि वह गठबंधन सरकार बनाने में अक्षम हैं।

### रूस और सीरियाई बलों के हमले में इदलिब में 21 नागरिकों की मौतः निगरानी संगठन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल–असद के सुरक्षा बलों और सहयोगी देश रूस द्वारा विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्र इदलिब में किए गए हमलों में 10 बच्चों समेत 21 नागरिकों की बुधवार को मौत हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि असद के बलों ने जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी जो तुर्की की सीमा से लगे काह गांव के निकट एक अस्थायी शिविर पर जा गिरी। इस हमले में 15 नागरिकों की मौत हो गई, जिसमें 6 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 40 लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मिसाइल एक अस्पताल के निकट गिरी थी। इसके अलावा रूस के सैन्य विमानों ने मारेत–अल–नुमान को निशाना बनाया जिसमें 4 बच्चों सहित 6 नागरिकों की मौत हो गई। निगरानी संगठन के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने बताया कि कई लोग इस हमले में घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ कि स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को बधाई दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ लेने पर महिंदा राजपक्षे को बृहस्पतिवार को बधाई दी और कहा कि वह उनके साथ मिलकर दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की खातिर काम करने के लिये आशान्वित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, '' प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को बधाई और शुभकामनाएं।''उन्होंने कहा, '' मैं उनके साथ मिलकर दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की खातिर काम करने के लिए आशान्वित हूं।'' गौरतलब है कि महिंदा राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले रनिल विक्रमसिंघे ने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के बड़े भाई हैं ।

### अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश के आरोप में पांच भारतीय पकड़े गये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश के आरोप में अमेरिकी गश्त अधिकारियों ने पांच भारतीयों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूएस बॉर्डर पेट्रोल एजेंटों को न्यूयॉर्क में ओगडेंसबर्ग बॉर्डर पेट्रोल स्टेशन में तैनात किया गया था, जिन्होंने 15 नवंबर को पांच भारतीयों और एक संदिग्ध तस्कर को पकड़ा। तस्कर अस्थायी आव्रजन चौकी से बचकर निकलने की कोशिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि न्यूयॉर्क के मॉरिसटाउन में आव्रजन चौकी के पास से एक वाहन गुजरा। वाहन को अमेरिकी नागरिक चला रहा था। ओगडेंसबर्ग में एक स्थानीय बाजार के पार्किंग क्षेत्र में पहुंचे वाहन की एजेंटों ने पहचान कर ली। उन्होंने बताया कि वाहन छोड़कर चालक बाजार के अंदर घुस गया। बॉर्डर पेट्रोल एजेंटों ने वाहन चालक और पांच भारतीयों को पकड़ा।

## राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका उच्च न्यायालय ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को गुरुवार को भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्त कर दिया और साथ ही उनके विदेश यात्रा करने पर लगा प्रतिबंध भी हटा दिया। पश्चिमी प्रांत स्थित स्थायी उच्च न्यायालय ने राजपक्षे पर लगाया गया विदेश यात्रा प्रतिबंध हटा दिया और अदालत के रजिस्ट्रार से राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट लौटाने को कहा।

गोटबाया 29 नवम्बर को अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत आने का आमंत्रण दिया था। 'न्यूज फर्स्ट' की एक खबर के अनुसार डिप्टी सॉलीसिटर जनरल दिलीप पीरिस ने अटॉर्नी–जनरल की ओर से पेश होते हुए अदालत को बताया कि संविधान के प्रावधान के अनुसार राष्ट्रपति के खिलाफ कोई भी दीवानी या फौजदारी मामला न तो दायर किया जा सकता है और न ही चलाया जा सकता है और इसलिए अदालत से प्रतिवादी को सभी आरोपों से मुक्त करने का अनुरोध किया। खबर के अनुसार, अदालत ने इसके बाद राष्ट्रपति राजपक्षे को डी.ए. राजपक्षे स्मारक और संग्रहालय के निर्माण में 3.39 करोड़ रुपये के सरकारी धन के कथित गबन के मामले में सभी आरोपों से मुक्त करने का फैसला किया।



### कनाडा कैबिनेट में पहली बार हिंदू महिला की एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के इतिहास में ऐसा पहली बार है जब केंद्रीय कैबनेट में किसी हिंदू महिला को जगह मिली है। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जब गुरुवार को अपने 37 सदस्यीय कैबिनेट से पर्दा हटाया तो उसमें तीन सिख सांसदों के नाम भी सामने आए। उन्होंने सात नए चेहरे शामिल किए हैं, जिसमें पूर्व कानून प्रफेसर और सांसद भारतवंशी अनिता आनंद भी हैं। तीन अन्य भारतवंशी सांसदों में नवदीप बैंस (42), बरदीश चग्गर (39) और हरजीत सज्जन (49) हैं। 47 वर्षीय ट्रूडो ने बुधनवार को ओटावा के रिडो हॉल में शपथ ली। अनिता ओकविले सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वह 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए पहली बार अक्टूबर में चुन कर आईं।

## ऑस्ट्रिया में हिटलर के जन्मस्थल का अब पुलिस करेगी इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बर्लिन। ऑस्ट्रियाई अधिकारियों ने घोषणा की है कि तानाशाह अडॉल्फ हिटलर के जन्मस्थल का इस्तेमाल अब पुलिस अपने काम के लिए करेगी। पिछले कुछ सालों से नाजी तानाशाह का महिमामंडन करने वाले लोगों के लिए यह एक तीर्थ स्थल बन गया था। हिटलर का जन्म 1889 में यहां हुआ था। तानाशाह ने अपने जीवन के शुरुआती 3 साल इसी गेस्ट हाउस में रहते हुए बिताया था, जिसे अब पुलिस स्टेशन बनाया जा रहा है।

पुलिस इस्तेमाल करेगी हिटलर के घर को ऑस्ट्रियाई गृह मंत्री वॉल्फगैंग पेसचॉर्न ने मंगलवार को कहा कि भविष्य में पुलिस द्वारा इस घर के इस्तेमाल से यह ठोस संकेत जाएगा कि इस इमारत से राष्ट्रीय समाजवाद की यादों को पूरी तरह हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वक्त में नाजी समर्थकों ने इस जगह को तीर्थ स्थान या पवित्र जगह के तौर पर महिमामंडित करना शुरू कर दिया था।

एक यहूदी समूह ने जर्मनी में तानाशाह से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी की कड़ी निंदा की है, जिसमें हिटलर की टोपी भी शामिल है। यूरोपीय यहूदी संघ ने बुधवार को नीलामी की निंदा करते हुए कहा कि इन खून में लथपथ चीजों से पैसा कमाना गलत है। इससे पहले इसी साल जर्मनी में जब हिटलर से जुड़ी चीजों की नीलामी हो रही थी, जर्मनी में उसका खासा विरोध हुआ था।

**ऑस्ट्रिया से जर्मनी गया था हिटलर का परिवारः** हिटलर के पिता जब ऑस्ट्रिया में एक कस्टम अधिकारी के तौर पर तैनात थे तभी वहां पर उसका जन्म हुआ था। इस जगह पर हिटलर ने 3 साल बिताए और उसके बाद ही परिवार जर्मनी चला गया। बाद में हिटलर ने जर्मन तानाशाह के तौर पर कमान संभाली और नाजी शासन की स्थापना की। जर्मनी में हिटलर के नाजी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक है।

### बुर्किना फासो में 18 आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आउगादोयगु। बुर्किना फासो के उत्तरी हिस्से में एक पुलिस चौकी पर हमले की कोशिश के दौरान 18 आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां सुरक्षा बल जिहादी विद्रोह को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पुलिस ने बुधवार को सोउम प्रांत के अर्बिंडा में हुए हमले के बाद एक बयान में कहा, 'तत्काल प्रतिक्रिया के बाद इस हमले को नाकाम किया गया।' अभियान में 1 पुलिस अधिकारी की मौत बयान में बताया गया कि एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 7 अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। घटनास्थल से जिहादियों के हथियार, मोटरसाइकिल और जीपीएस उपकरण बरामद हुए हैं। बुर्किना फासो में इस महीने कनाडा की खनन कंपनी के वाहन को निशाना बनाया गया था जिसमें 30 से अधिक लोग मारे गए। उसके बाद से आतंकियों को खत्म करने का अभियान चलाने का ऐलान देश के राष्ट्रपति ने किया था। बुर्किना फासो की सेना ने कहा कि देश के उत्तरी हिस्से में सप्ताहांत में 32 इस्लामी आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेक्स स्लेव बनाकर रखी गई कई महिलाओं को मुक्त कराया गया।